निबंधन संख्या पी0टी0-40



बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

15 कार्तिक 1948 (श0)

(सं0 पटना 1383) पटना, शुक्रवार, 6 नवम्बर 2026

सामान्य प्रशासन विभाग

अधिसूचना

6 नवम्बर 2026

सं० 3/एच०–01/2025–20490/सा०प्र०—सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना ज्ञापांक–15401 दिनांक–19.08.2025 द्वारा वर्ष 2026 के लिए अधिसूचित अवकाशों की सूची में चित्रगुप्त पूजा एवं भाई दूज के अवसर पर दिनांक–10.11.2026 (मंगलवार) को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित है। राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, काजीपुरम, पटना से प्राप्त पत्र संख्या–67/25 दिनांक–12.07.2025 द्वारा हिन्दू पर्व/त्योहारों की सूची में चित्रगुप्त पूजा/भाई दूज का पर्व दिनांक–10.11.2026 (मंगलवार) को होने की सूचना के आधार पर उक्त अवकाश घोषित किया गया।

2. अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पटना के पत्रांक–102 दिनांक–27.10.2026 एवं ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेन्स के पत्रांक–102 दिनांक–04.11.2026 द्वारा चित्रगुप्त पूजा के अवकाश की तिथि 10.11.2026 से परिवर्तित कर दिनांक–11.11.2026 को घोषित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः सम्यक् विचारोपरान्त सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या–03/एच0–01/2025 सा०प्र०–15401 दिनांक–19.08.2025 द्वारा चित्रगुप्त पूजा एवं भाई दूज के अवसर पर कार्यपालक आदेश के तहत **दिनांक–10.11.2026 (मंगलवार) को घोषित अवकाश के स्थान पर दिनांक–11.11.2026 (बुधवार) को घोषित किया जाता है।**

अधिसूचना संख्या–03/एच0–01/2024सा०प्र०–15401 दिनांक–19.08.2025 की अनुसूची–1 के क्रमांक–11 को तदनुसार संशोधित समझा जाय।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
रजनीश कुमार,
सरकार के अपर सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 1383-571+10-डी0टी0पी0।
Website: https://egazette.bihar.gov.in